रजिस्ट्री सं० डी- 222

REGISTERED NO. D-222

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 23] नई दिल्ली, शनिवार, जून 5, 1965 (ज्येष्ठ 15, 1887)

No. 23] NEW DELHI, SATURDAY, JUNE 5, 1965 (JYAISTHA 15, 1887)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नोटिस
NOTICE

नीचे लिखे भारत के असाधारण राजपत्र 18 मई 1965 तक प्रकाशित किए गए थे :—

The undermentioned *Gazettes of India Extraordinary* were published up to the 18th May 1965 :—

अंक (Issue No.)	संख्या और तारीख (No and Date)	द्वारा जारी किया गया (Issued by)	विषय (Subject)
Nil			

ऊपर लिखे असाधारण राजपत्रों की प्रतियां प्रकाशन प्रबन्धक, सिविल लाइन्स, दिल्ली के नाम मांगपत्र भेजने पर भेज दी जाएंगी। मांग-पत्र प्रबन्धक के पास इन राजपत्रों के जारी होने की तारीख से दस दिन के भीतर पहुंच जाने चाहिएं।

Copies of the *Gazettes Extraordinary* mentioned above will be supplied on Indent to the Manager of Publications, Civil Lines, Delhi. Indents should be submitted so as to reach the Manager within ten days of the date of issue of these Gazettes.

विषय-सूची
CONTENTS

	पृष्ठ Pages
भाग I—खंड 1—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाए	309
भाग I—खंड 2—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई सरकारी अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं	429
भाग I—खंड 3—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों, आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाए	23
भाग I—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी की गई अफसरों की नियुक्तियों, पदोन्नतियों, छुट्टियों आदि से संबंधित अधिसूचनाएं .. .	277
भाग II—खंड 1—अधिनियम, अध्यादेश और विनियम	—
भाग II—खंड 2—विधेयक और विधेयकों संबंधी प्रवर समितियों की रिपोर्टें	—

	पृष्ठ Pages
भाग II—खंड 3—उप-खंड (i)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्रों के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा जारी किए गए विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये साधारण नियम (जिनमें साधारण प्रकार के आदेश, उप-नियम आदि सम्मिलित हैं) ..	843
भाग II—खंड 3—उप-खंड (ii)—(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों और (संघ राज्य क्षेत्र के प्रशासनों को छोड़कर) केन्द्रीय प्राधिकारों द्वारा विधि के अन्तर्गत बनाये और जारी किये गये आदेश और अधिसूचनाएं	1925
भाग II—खंड 4—रक्षा मंत्रालय द्वारा अधिसूचित विधिक नियम और आदेश	147
भाग III—खंड 1—महालेखापरीक्षक, संघ लोक सेवा आयोग, रेल प्रशासन, उच्च न्यायालयों और भारत सरकार के संलग्न तथा अधीन कार्यालयों द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं	375
भाग III—खंड 2—एकस्व कार्यालय, कलकत्ता द्वारा जारी की गई अधिसूचनाएं और नोटिसें ..	197
भाग III—खंड 3—मुख्य आयुक्तों द्वारा या उनके प्राधिकार से जारी की गई अधिसूचनाएं ..	41
भाग III—खंड 4—विधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें अधिसूचनाएं, आदेश, विज्ञापन और नोटिसें शामिल हैं ..	2433
भाग IV—गैर-सरकारी व्यक्तियों और गैर-सरकारी संस्थाओं के विज्ञापन तथा नोटिसें ..	119
पूरक सं० 23—	
29 मई, 1965 को समाप्त होने वाले सप्ताह की महामारी संबंधी साप्ताहिक रिपोर्ट ..	771
8 मई 1965 को समाप्त होने वाले सप्ताह के दौरान भारत में 30,000 तथा उससे अधिक आबादी के शहरों में जन्म, तथा कई बीमारियों से हुई मृत्यु से संबंधित आंकड़े ..	785

	Pages
PART I—SECTION 1.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations and Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	309
PART I—SECTION 2.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Government Officers issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court	429
PART I—SECTION 3.—Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions, issued by the Ministry of Defence	23
PART I—SECTION 4.—Notifications regarding Appointments, Promotions, Leave, etc., of Officers issued by the Ministry of Defence	277
PART II—SECTION 1.—Acts, Ordinances and Regulations	—
PART II—SECTION 2.—Bills and Reports of Select Committees on Bills	—
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (i)—General Statutory Rules (including orders, bye-laws, etc. of a general character) issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories) ..	843
PART II—SECTION 3.—SUB-SECTION (ii)—Statutory Orders and Notifications issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by Central Authorities (other than the Administrations of Union Territories)	1925
PART II—SECTION 4.—Statutory Rules and Orders notified by the Ministry of Defence ..	147
PART III—SECTION 1.—Notifications issued by the Auditor General, Union Public Service Commission, Railway Administration, High Courts and the Attached and Subordinate Offices of the Government of India	375
PART III—SECTION 2.—Notifications and Notices issued by the Patent Office, Calcutta ..	197
PART III—SECTION 3.—Notifications issued by or under the authority of Chief Commissioners	41
PART III—SECTION 4.—Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies	2433
PART IV—Advertisements and Notices by Private Individuals and Private Bodies	119
SUPPLEMENT No. 23—	
Weekly Epidemiological Reports for week-ending 29th May 1965	771
Births and Deaths from Principal diseases in towns with a population of 30,000 and over in India during week-ending 8th May, 1965	785

भाग I—खण्ड 1

PART I—SECTION 1

(रक्षा मंत्रालय को छोड़कर) भारत सरकार के मंत्रालयों तथा उच्चतम न्यायालय द्वारा जारी की गई विधीतर नियमों, विनियमों तथा आदेशों और संकल्पों से संबंधित अधिसूचनाएं

Notifications relating to Non-Statutory Rules, Regulations, Orders and Resolutions issued by the Ministries of the Government of India (other than the Ministry of Defence) and by the Supreme Court

---

राष्ट्रपति सचिवालय

नई दिल्ली, दिनांक 26 मई, 1965

सं० 32-प्रेज०/65—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उनकी वीरता के लिये राष्ट्रपति का पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री सुच्चा सिंह,
हेड कान्स्टेबल (स्थानापन्न),
तीसरी बटालियन,
पंजाब सशस्त्र पुलिस,
पंजाब (मरणोपरान्त)

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

15 एवं 16 मार्च 1964 की रात्रि को सीमा पार से लुटेरों के एक दल ने जम्मू जिले के अखनूर तहसील के ग्राम भलवाल मोलू पर आक्रम किया तथा दो पुरुषों, एक स्त्री, एक बच्चे तथा दो पशुओं को भी मार दिया और दो मृतक व्यक्तियों के सिरों को काट कर ले गये। इस रोमान्चित घटना से समस्त क्षेत्र में आतंक फैल गया। सीमा अतिक्रमण की घटनाओं को रोकने के लिये उप निरीक्षक हरभजन के अधीन पंजाब सशस्त्र पुलिस की तीसरी बटालियन की एक प्लाटून को श्रेणीबद्ध मोर्चे लगाने के लिये तैनात किया गया।

16 मार्च 1964 की रात्रि को श्री हरभजन सिंह ने अपनी प्लाटून को तीन भागों में विभक्त कर महत्वपूर्ण स्थानों पर मोर्चा-बन्दी कर ली। उन्होंने स्वयं बीच वाली तथा सबसे महत्वपूर्ण मोर्चे वाली टुकड़ी का नेतृत्व सम्भाला। अर्ध-रात्रि के लगभग 40 सशस्त्र लुटेरे भलवाल मोलू ग्राम की ओर आते देखे गये। लुटेरों की संख्या अपने से चौगुनी देख कर श्री हरभजन सिंह ने थोड़ी सी प्रत्युत्पन्नमति द्वारा लुटेरों की अग्रिम टुकड़ी पर तुरन्त आक्रमण कर दिया तथा अगल-बगल की छिपी हुई टुकड़ियों को पूर्व निर्धारित संकेत द्वारा आक्रम से सम्मिलित कर लिया। इस भयंकर मुठभेड़ में श्री हरभजन सिंह, हेड कान्स्टेबल सुच्चा सिंह तथा अन्य सिपाहियों ने अत्यन्त कठिन स्थिति के होते हुये भी वीरता-पूर्वक युद्ध किया। लुटेरों के पीछे से भागने के एक प्रयास को अगल-बगल छिपी हुई टुकड़ियों ने विफल कर दिया।

इस मुठभेड़ में हेड कान्स्टेबल सुच्चा सिंह गम्भीर रूप से आहत हुये। अपनी घातक चोटों की चिन्ता न करते हुये उन्होंने लुटेरों से युद्ध जारी रखा तथा अपने साथियों को साहसपूर्वक उनका मुकाबला करने के लिये प्रेरित करते रहे। उन्होंने सुरक्षित स्थान पर जाने से इन्कार कर दिया तथा उस समय तक युद्ध करते रहे जब तक लुटेरे सीमा पार के साथियों द्वारा सुरक्षात्मक गोली-बारी के मध्य सीमा पार न हो गये।

श्री सुच्चा सिंह द्वारा प्रदर्शित उत्कृष्ट वीरता, पहल एवं उदाहरणीय कर्तव्यपरायणता उनके प्लाटून को दिये गये कार्य की सफलता की पराकाष्ठा का एक अंग थी। श्री सुच्चा सिंह को चिकित्सालय ले जाया गया परन्तु चोटों के कारण उनकी मृत्यु हो गयी।

इस मुठभेड़ में श्री सुच्चा सिंह ने उत्कृष्ट वीरता, पहल तथा उच्चतम कोटि की कर्तव्यपरायणता, जिसके पालने में उनका जीवन भी समाप्त हो गया, का परिचय दिया।

2. यह पदक, राष्ट्रपति पुलिस तथा अग्नि शमन सेवा पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकृत विशेष भत्ता भी दिनांक 16 मार्च, 1964 से दिया जायगा।

सं० 33-प्रेज०/65—राष्ट्रपति पंजाब पुलिस के निम्नांकित अधिकारी को उसकी वीरता के लिये पुलिस पदक प्रदान करते हैं :—

अधिकारी का नाम तथा पद

श्री हरभजन सिंह,
पुलिस उप-निरीक्षक (स्थानापन्न),
तीसरी बटालियन, पंजाब सशस्त्र पुलिस,
पंजाब।

सेवाओं का विवरण जिनके लिये पदक प्रदान किया गया।

15 एवं 16 मार्च, 1964 को रात को सीमा पार के लुटेरों ने जम्मू जिले की अखनूर तहसील के भलवाल मोलू गांव के दो आदमी, एक स्त्री और एक बच्चे तथा दो मवेशियों को गोली से उड़ा दिया और मृतक व्यक्तियों में से दो के सिर काट कर ले गये। इस सनसनी फैलाने वाली घटना से वहां के सारे क्षेत्र में आतंक छा गया। इस घुसपैठ को रोकने के लिये उप-निरीक्षक हरभजन सिंह के नेतृत्व में पंजाब सशस्त्र पुलिस की तीसरी बटालियन की एक प्लाटून को नाके में बैठे रहने के लिये तैनात किया गया।

16 मार्च 1964 की रात को, उप निरीक्षक हरभजन सिंह ने अपनी प्लाटून को दबावाले वाली चौकी को संभालने के लिये तीन भागों में बांट दिया। उन्होंने स्वयं भी मध्य एवं अत्यन्त दांववाले वाली चौकी का चार्ज संभाला। आधी रात के करीब कुल 40 सशस्त्र लुटेरे भलवाल मोलू गांव की ओर आते हुये देखे गये। अपनी टुकड़ी से लुटेरों की चौगुनी संख्या देखकर श्री हरभजन सिंह ने असाधारण सतर्कता से तुरन्त लुटेरों की अग्रिम टोली पर हमला कर दिया और पूर्व-व्यवस्थित दिये गये संकेतों के अनुसार अगल-बगल की छिपी टुकड़ियों ने भी आक्रमण कर दिया। इसके बाद हुई भयंकर मुठभेड़ में उप-निरीक्षक हरभजन सिंह, हैड कान्स्टेबल सुच्चा सिंह तथा अन्य सिपाही अत्यन्त रुकावटों के बावजूद बहादुरी से लड़े। लुटेरों द्वारा घेरे को पीछे से तोड़ने का प्रयत्न अगल-बगल की छिपी टुकड़ियों ने विफल कर दिया।

इस मुठभेड़ के दौरान लुटेरों के अग्रिम दल के लगभग 10 व्यक्ति या तो मारे गये अथवा घायल हुये। उप-निरीक्षक हरभजन

सिंह के योग्य नेतृत्व में पुलिस दल ने अपने घावों की परवाह न करते हुये हमला किया और लुटेरों का तबतक पीछा किया जब तक लुटेरे सीमा पार की सेना की गोलियों की आड़ में अपनी सीमा में न लौट गये ।

इस मुठभेड़ में उप-निरीक्षक हरभजन सिंह ने अपनी सुरक्षा की तनिक भी परवाह किये बिना वीरता, पहलशक्ति और उच्च कोटि की कर्त्तव्यनिष्ठा का प्रदर्शन किया ।

2. यह पदक पुलिस पदक नियमावली के नियम 4(i) के अन्तर्गत वीरता के लिये दिया जा रहा है तथा फलस्वरूप नियम 5 के अन्तर्गत स्वीकृत विशेष भत्ता भी दिनांक 16 मार्च 1964 से दिया जायगा ।

वाई० डी० गंडेविया, राष्ट्रपति के सचिव

गृह मंत्रालय

नई दिल्ली-11, दिनांक 31 मई, 1965

सं० 1/4/65-ए०एन०एल०—अन्दमान और निकोबार द्वीपों के संघ राज्य क्षेत्र से सम्बन्धित मुख्य आयुक्त की सलाहकार समिति के लिए राष्ट्रपति जी नानकौरी द्वीप की रानी लक्ष्मी को, जिनका कार्यकाल 31 मार्च, 1965 को समाप्त हो गया था, फिर से मनोनीत करते हैं ।

रानी लक्ष्मी का कार्यकाल 31 मार्च, 1966 को समाप्त होगा ।

ए० डी० पांडे, संयुक्त सचिव

इस्पात और खान मंत्रालय

(खान तथा धातु विभाग)

नई दिल्ली, दिनांक 21 मई, 1965

सं० 13(19)/63-एम० 4—खनिज मंत्रणा मण्डल का पुनः स्थापन गत खान तथा ईंधन विभाग (इस्पात खान तथा ईंधन मंत्रालय) के संकल्प संख्या 13(19)/57-एम० 4, दिनांक 12 दिसम्बर 1959 द्वारा हुआ था जो भारतीय राजपत्र भाग 1, खण्ड 1 में प्रकाशित हुआ था । मण्डल की वर्तमान रचना सूचनार्थ तथा मार्ग दर्शन के हेतु अधिसूचित की जाती है ।

रचना

सभापति

इस्पात तथा खान मंत्री

सचिव

उप-सचिव (खनन) इस्पात तथा खान मंत्रालय (खान तथा धातु विभाग)

सदस्य

1. सचिव भारत सरकार, इस्पात तथा खान मंत्रालय (खान तथा धातु विभाग),
   संयुक्त सचिव (खनन) इस्पात तथा खान मंत्रालय (खान तथा धातु विभाग),
2. महानिदेशक, भारतीय भौमिकी विभाग, कलकत्ता,
3. निदेशक भारतीय खान ब्युरो, नागपुर,
4. अलौह धातुओं की विकास परिषद के सभापति, इन में से प्रत्येक का एक प्रतिनिधि,
5. वाणिज्य मंत्रालय, नई दिल्ली,
6. वित्त मंत्रालय, नई दिल्ली,
7. श्रम तथा रोजगार मंत्रालय, नई दिल्ली,
8. विधि मंत्रालय, नई दिल्ली,
9. रेल मंत्रालय, नई दिल्ली,
10. इस्पात तथा खान मंत्रालय (खान तथा धातु विभाग), नई दिल्ली,
11. योजना आयोग, नई दिल्ली,
12. राज्य सरकारें, संयुक्त क्षेत्र तथा केन्द्रिय प्रशासित क्षेत्र,
13. भारत की खनिज तथा धातु पणन निगम लि०, नई दिल्ली,
14. हिन्दुस्तान स्टील लि०, रांची,
15. वाणिज्य तथा उद्योग मण्डल का भारतीय संघ, नई दिल्ली,
16. भारतीय खनन संघ, कलकत्ता,
17. भारतीय खनन मण्डल, कलकत्ता,
18. भारतीय कोयला खान स्वामी संघ, धनबाद,
19. भारतीय अलौह धातु निर्माता संघ, कलकत्ता,
20. उत्कल खनन तथा उद्योग संघ, कलकत्ता,
21. भारतीय लोहयुक्त धातु उत्पादक संघ, बंबई,
22. गोआ खनिज अयस्क निर्यातक संघ, पंजिम,
23. मैसूर राज्य खान स्वामी संघ, बंगलौर,
24. राजस्थान उद्योग तथा खनन संघ, भिलवाड़ा,
25. (क) भारतीय भौमिकी, खनन तथा धातुकार्मिक समाज, कलकत्ता
    (ख) भारतीय खनन, भौमिकी, तथा धातुकार्मिक संस्था, कलकत्ता । } दोनों बारी-बारी एक-एक साल के लिए
26. (क) टाटा लोहा तथा इस्पात कम्पनी लि०, जमशेदपुर
    (ख) भारतीय लोहा तथा इस्पात कम्पनी लि०, कलकत्ता । } वही
27. (क) मध्य प्रदेश तथा विदर्भ खनन संघ, नागपुर
    (ख) खनिज उद्योग संघ, नागपुर । } वही
28. (क) पश्चिमी भारत खनिज संघ, बंबई
    (ख) बंबई क्षेत्र खान स्वामी संघ । } वही
29. (क) मद्रास माइका संघ गुदर खान
    (ख) दक्षिणी भारत माइका खान स्वामी संघ } वही
30. (क) कोदरमा माइका खनन संघ, कोदरमा
    (ख) बिहार तथा उड़ीसा माइका खनन संघ, गिरदीह } वही

सी० एस० वैनूगोपाल राव, उप-सचिव

सूचना और प्रसारण मंत्रालय

नई दिल्ली-1, दिनांक 24 मई, 1965

सं० 7/3/65-एफ०आई (एस०ए०)—एतद्द्वारा यह अधिसूचित किया जाता है कि भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय के संकल्प संख्या 7/19/64-एफ०आई०, तारीख़ 21 नवम्बर, 1964 के प्रकाशित फ़िल्मों के लिए राजकीय पुरस्कार

सम्बन्धी नियमावली के नियम 28 के अनुसार, सरकार ने 1964 की राजकीय फ़िल्म पुरस्कार केन्द्रीय समिति और प्रादेशिक समितियों की सिफारिशों के आधार पर, निम्नलिखित फ़िल्मों को पुरस्कार देने का निर्णय किया है:—

क्रम संख्या	फ़िल्म का शीर्षक	निर्माता/निर्देशक/कहानी-लेखक का नाम	पुरस्कार
(1)	(2)	(3)	(4)
		1—अखिल भारतीय पुरस्कार	
	(क) कथा (रूपक) चित्र		
1.	चारुलता (बंगला)	**निर्माता**—श्री आर० डी० बंसल, 45, धरमतोला स्ट्रीट, कलकत्ता-13। **निर्देशक**—श्री सत्यजीत राय, 3, लेक टैम्पल रोड, कलकत्ता-29।	राष्ट्रपति का स्वर्ण पदक और इसके निर्माता को 20,000 रुपये (बीस हज़ार रुपये) तथा इसके निर्देशक को 5,000 रुपये (पांच हज़ार रुपये) का नकद पुरस्कार।
2.	हक़ीकत (हिन्दी)	**निर्माता**—श्री चेतन आनन्द, 2, रूया पार्क, जुहू, बम्बई-54। **निर्देशक**—श्री चेतन आनन्द, 2, रूया पार्क, जुहू, बम्बई-54।	अखिल भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र और इसके निर्माता को 10,000 रुपये (दस हज़ार रुपये) तथा इसके निर्देशक को 2,500 रुपये (दो हज़ार पांच सौ रुपये) का नकद पुरस्कार।
3.	उन्नैपोल ओरुवन (तमिल)	**निर्माता**—श्री डी० जयकान्तन, मार्फ़त आशिय ज्योति फ़िल्म्स, 2, दनकोटियम्माल स्ट्रीट, मद्रास-18।	अखिल भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।
4.	आरोही (बंगला)	**कहानी लेखक**—श्री बालैचन्द मुकर्जी, सोलकुठी, अदमपुर, पो० ओ०, भागलपुर (बिहार)।	सर्वोत्तम कहानी लेखक को अखिल भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र।
	(ख) वृत्त-चित्र (डाकुमेंट्री फिल्में)		
1.	अपान्ल आफ़ दि इंडीस (अंग्रेज़ी)	**निर्माता**—फ़िल्म विभाग, 24-पैडर रोड, बम्बई-26। **निर्देशक**—श्री टी० ए० अब्रहम, मार्फ़त फ़िल्म विभाग, 24-पैडर रोड, बम्बई-26।	अखिल भारतीय योग्यता प्रमाण-पत्र और इसके निर्माता को 1,000 रुपये (एक हज़ार रुपये) तथा इसके निर्देशक को 250 रुपये (दो सौ पचास रुपये) का नकद पुरस्कार।
2.	वन डे (अंग्रेज़ी)	**निर्माता**—श्री जगत मुरारी, प्रिंसिपल, फ़िल्म इन्स्टीट्यूट आफ़ इंडिया, चिपलकर रोड, पूना-4। **निर्देशक**—श्री मैकल विन, आई०डी०एच० ई०सी०, 92-चैम्स इलीसीज़, पैरिस।	अखिल भारतीय योग्यता प्रमाणपत्र और इसके निर्माता को 1,000 रुपये (एक हज़ार रुपये) तथा इसके निर्देशक को 250 रुपये (दो सौ पचास रुपये) का नकद पुरस्कार।
3.	आल अंडर हैवन बाई फ़ोर्स (अंग्रेज़ी)	**निर्माता**—श्री जे० बी० एच० वाडिया, वाडिया मूवीटोन, जावेरी बिल्डिंग, 136, चमर बाग रोड, परेल, बम्बई-12।	अखिल भारतीय योग्यता प्रमाणपत्र।
4.	एण्ड माइल्स टू गो (अंग्रेज़ी)	**निर्माता**—श्री एस० सुखदेव, 27, राधा भवन, किंग सर्कल, बम्बई-19।	अखिल भारतीय योग्यता प्रमाणपत्र।
	(ग) शैक्षणिक चित्र		
1.	स्टेरिलाइज़ेशन आफ़ दि फ़िमेल (अंग्रेज़ी)	**निर्माता**—फ़िल्म विभाग, 24-पैडर रोड, बम्बई 26।	अखिल भारतीय योग्यता प्रमाणपत्र।
	कथा चित्र	**2—प्रादेशिक पुरस्कार**	
	(क) अंग्रेजी		
1.	अवलांश	**निर्माता**—सर्वजीत सिंह, मार्फ़त दीपक देसाई, मटुंगा, बम्बई-19।	राष्ट्रपति का रजत पदक।
	(ख) हिन्दी		
1.	दोस्ती	**निर्माता**—श्री ताराचंद बड़जात्या, राजश्री प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड, तारदेओ बिल्डिंग, तारदेओ, बम्बई-34।	राष्ट्रपति का रजत पदक।

(1)	(2)	(3)	(4)
2.	यादें	**निर्माता**—श्री सुनील दत्त, 58 पाली हिल, बांदरा, बम्बई ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
3.	गीत गाया पत्थरों ने	**निर्माता**—श्री वी० शान्ताराम प्रोडक्शन्स प्रा० लि०, "शांतश्री" गवर्नमेंट गेट रोड, परेल, बम्बई-12 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
	(ग) **कश्मीरी**		
1.	म्यंज रात	**निर्माता**—श्री एम० आर० सेठ, प्रकाश निवास, न्यू कालोनी, 137, कुरला रोड, अंधेरी (ईस्ट), बम्बई-69 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
	(घ) **मराठी**		
1.	पाठलाग	**निर्माता**—श्री राजा परांजपे, नामी निवास, तिलक रोड, पूना-2 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
2.	तुका झालासे कलस	**निर्माता**—श्री एन० जी० दातार, "जय विजय" V रोड, घट कोपर, बम्बई-77 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
3.	सवाल माझा एका	**निर्माता**—श्री अनंत गोविंद माने, 759/51, दक्कन जिमखाना, पूना-4 ।	योग्यता प्रमाण पत्र ।
	(ङ) **पंजाबी**		
1.	जग्गा	**निर्माता**—श्री के० वी० चड्ढा, मैसर्स फ़िल्मेज, 200, फैमस सिने बिल्डिंग, महालक्ष्मी, बम्बई-11 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
	(च) **असमिया**		
1.	प्रतिध्वनि	**निर्माता**—कामरूप चित्रा, 77/बी, गाल्फ क्लब रोड, कलकत्ता-33 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
	(छ) **बंगला**		
1.	आरोही	**निर्माता**—श्री असीम पाल, 11-सी, दिल-कुस स्ट्रीट, कलकत्ता-17 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
2.	अनुष्टुप छन्द	**निर्माता**—श्री बी० के० प्रोडक्शन्स, 1/ए, विक्टोरिया चैम्बर्स, कलकत्ता-13 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
	(ज) **उड़िया**		
1.	साधना	**निर्माता**—डेमंड वैली प्रोडक्शन्स प्राइवेट लिमिटेड, सम्बलपुर, उड़ीसा ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
2.	नव जन्म	**निर्माता**—पंच सखा पिक्चर्स, भागलपुर, कटक ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
	(झ) **कन्नड़**		
1.	चंदा वलिय तोटा	**निर्माता**—पाल्स एंड को०, 7, बुड्स रोड, माऊंट रोड, मद्रास-2 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
2.	नवजीवन	**निर्माता**—श्री यू० एस० बादीराज, और श्री यू० जवाहर, श्री भारती चित्र, 29-जी, कोइल स्ट्रीट, मद्रास-7 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
3.	मने आलिया	**निर्माता**—श्री ए० वी० सुब्बाराव, 120, हबीबुल्ला रोड, त्याग राय नगर, मद्रास-17।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
	(ञ) **मलयालम**		
1.	तच्चोली ओतेनन	**निर्माता**— चंद्रतारा प्रोडक्शन्स, 32, वैंकटानारायण रोड, मद्रास-17 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
2.	आदिया किरणगल	**निर्माता**—श्री वी० अब्दुल्ला, मैसर्स चित्र सागर, 18 जी० एन० चैंटी रोड, त्याग राय नगर, मद्रास-17 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र
3.	कुटुम्बिनी	**निर्माता**—श्री पी० ए० थामस, 1-जे० डा० सी० पी० रामास्वामी अय्यर रोड, मद्रास-18 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।

(1)	(2)	(3)	(4)
(ट) **तमिल**			
1.	के कोडुत दैवम . . .	**निर्माता**—एम० एस० वेलप्पन, 15, जी० एन० चैटी रोड, मद्रास-17 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
2.	पजनी . . .	**निर्माता**—भारतमाता पिक्चर्स, 12, फ़र्स्ट क्रोस स्ट्रीट, ट्रस्टपुरम, मद्रास-24 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
3.	मरबर सुन्दरम् . . .	**निर्माता**—ए० वी० एम० प्रोडक्शन्स, आरकाट रोड, मद्रास-26 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।
(ठ) **तेलुगु**			
1.	डाक्टर चक्रवर्ती . .	**निर्माता**—श्री डी० मधुसूधन राव, मैसर्स अन्नपूर्ण पिक्चर्स प्राइवेट, लिमिटेड, 34-भागीरथम्माल स्ट्रीट, मद्रास-17 ।	राष्ट्रपति का रजत पदक ।
2.	रामदासु . . .	**निर्माता**—श्री वी० एन० फ़िल्म्स, 33, दामोदर रेड्डि स्ट्रीट, मद्रास-17 ।	योग्यता प्रमाण-पत्र ।

हृदय नारायण अग्रवाल, उप-सचिव

शिक्षा मंत्रालय

नयी दिल्ली, दिनांक 13 मई, 1965

सं० एफ-1-5/63 पी०ई-2—अखिल भारतीय खेल-कूद परिषद् के पुनर्गठन से संबंधित इस मंत्रालय की 16 जुलाई 1963 की अधिसूचना सं० एफ-1-5/63 पी०ई०-2 में आंशिक संशोधन करते हुए, श्री वी० टी० दहेजिआ के स्थान पर, वित्त मंत्रालय में वित्त सलाहकार, श्री के० एन० चन्ना को अखिल भारतीय खेल-कूद परिषद् के एक सदस्य के रूप में नामजद किया गया है ।

नलिन माधव ठाकुर, सहायक शिक्षा सलाहकार

परिवहन मन्त्रालय

(परिवहन पक्ष)

नयी दिल्ली, दिनांक मई, 1965

संकल्प

अन्तर्देशी जल परिवहन

सं० 4 आई० डब्लू० टी० (16)/65—भारत सरकार ने निश्चय किया है कि 29 जून, 1964 के पूर्वाह्न से अगला आदेश होने तक श्री सी० वी० वेंकटेश्वरन् के स्थान पर परिवहन मंत्रालय के विकास सलाहकार, श्री के० एन० श्रीनिवासन, गंगा ब्रह्मपुत्र जल परिवहन मण्डल के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य करेंगे । इस क्षमता में वे अध्यक्ष की अनुपस्थिति में मंडल की बैठकों का सभापतित्व और मंडल के प्रशासनिक कार्य की देखभाल करेंगे ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संकल्प की एक प्रति गंगा ब्रह्मपुत्र जल परिवहन मंडल के सदस्यों, राष्ट्रपति के सचिव, प्रधान मंत्री के सचिवालय, योजना आयोग, भारत सरकार के समस्त मंत्रालयों तथा संबद्ध राज्य सरकारों के विभागों को भेज दी जाए ।

आदेश दिया जाता है कि सामान्य सूचना के लिए संकल्प को भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाए ।

जसवंत सिंह, अवर सचिव

पत्तन

संकल्प

नई दिल्ली, दिनांक 23 अप्रैल, 1965

सं० 7-पी० जी०(7)/65—भारत सरकार को मारमोगाव पत्तन की 1963-64 की प्रशासनिक रिपोर्ट मिल गई है । रिपोर्ट की मुख्य विशिष्टताओं की समीक्षा नीचे की जाती है ।

1. वित्तीय स्थिति : पुनर्विलोकित वर्ष में मारमोगाओ पत्तन का सम्पूर्ण राजस्व 124.52 लाख रुपया था (इसमें कनहारों से प्राप्ति भी शामिल है) । 1962-63 में यह राशि 125.74 लाख रुपया थी । राजस्व में कमी के मुख्य कारण ये हैं, वास्को-दागामा से कोलेम तक की मुख्य रेलवे लाइन को 1 मई 1963 से दक्षिणी रेलवे को सौंप दिया जाना । इसके कारण रेलवे से प्राप्ति में कमी हुई । कच्ची धातु के निर्यात में वृद्धि के फलस्वरूप घाट देय में वृद्धि के कारण और कुछ रेलवे का सामान और रद्दी माल की बिक्री से विशेष प्राप्ति के कारण कमी की कुछ पूर्ति हुई है ।

1963-64 में व्यय की राशि 45.26 लाख रुपया थी । 1962-63 में यह संख्या 64.27 लाख रुपया थी । व्यय में कमी का कारण वास्को-दागामा से कोलेम की मुख्य रेलवे लाइन का दक्षिण रेलवे को हस्तांतरित हो जाना था । इसके कारण इंजनों, डिब्बों और वैगनों के चालन और देख-रेख के व्यय में, पटरियों की देख-रेख के व्यय में और यातायात विभाग के कर्मचारियों के व्यय में कमी हुई ।

उपरोक्त व्यय में पूंजी और ऋण के ब्याज की अदायगी तथा आरक्षित निधि में स्थानान्तरित पूंजी सम्मिलित नहीं है ।

2. यातायात : इस वर्ष मारमोगाओ पत्तन में ढोया गया माल का सम्पूर्ण टनभार 59,58,212 टन था । पिछले वर्ष यह संख्या 54,67,776 टन था । यातायात संख्याएं अलग अलग इस प्रकार हैं :—

	1962-63	1963-64
आयात	1,13,870	1,17,251
निर्यात	53,53,906	58,40,961

निर्यात मुख्यत : कच्ची धातुओं का हुआ । 1962-63 में 52,61,047 टन का निर्यात हुआ था और इस वर्ष 57,39,223 टनों का ।

3. बेतुल पर व्यापार : 1963-64 में बेतुल से कच्ची धातु का कुल निर्यात 1,51,031 टन का हुआ । 1962-63 में यह संख्या 1,49,007 टन थी ।

4. जहाजरानी : 1963-64 में पत्तन में 47,25,807 कुल टन भार के (594 जहाज आये । 1962-63 में 45,72,007 कुल टनभार के) 622 जहाज आये थे । 1963-64 में यद्यपि 1962-63 की अपेक्षा कम जहाज आये मगर कुल टन भार में वृद्धि हुई । इसका कारण पत्तन में आने वाले जहाजों की लंबाई और डुबाव पर लगाई गई सीमा में ढील देना था ।

5. पूंजीगत निर्माण कार्य : 1963-64 में पूंजीलेखा पर 11,28,307 रुपये का व्यय किया गया । इस वर्ष जिन महत्व-पूर्ण निर्माण कार्यों पर व्यय किया गया उनमें से कुछ ये हैं :—

निर्माण कार्य	व्यय (लाख रुपयों में)
ढलाई कारखाने का निर्माण	0.51
कारखाने का विस्तार	0.47
नहर और घुमाऊक्षेत्र में निकर्षण	0.16
समुद्री और स्थल सर्वेक्षण के लिये यंत्र	0.19
चार ज्वार नावकों का लगाया जाना	0.15
नहर और घुमाऊक्षेत्र में वेधन	0.41
कारखाने के चारों ओर एक संयुक्त दीवार का निर्माण	0.28
एक नए निकर्षण की प्राप्ति	8.97

6. पत्तन रेलवे : परिवहन मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय और पत्तन अधिकारियों के बीच में हुये समझौते के अनुसार, वास्को-दागामा से कोलेम तक का रेल का सेक्शन 1 मई 1963 से दक्षिणी रेलवे को दे दिया गया । इसके बाद अधिकारियों का दायित्व वास्को-दागामा और मारमोगाओ बन्दरगाह के बीच केवल माल यातायात का ही रह गया है ।

7. विदेश यात्री सेवा : भारत के नौपरिवहन निगम का वाष्पपोत "स्टेट आफ बांबे" पत्तन पर अफ्रीका जाते हुये 3-5-63 को पहुंचा । इस उद्घाटन यात्रा से स्वतंत्रता के पश्चात् गोवा और अफ्रीका के बीच विदेश यात्री-सेवा का फिर से प्रचलन हो गया ।

1963-64 में मारमोगाओ पत्तन पर 15,174 यात्री जहाज पर चढ़े और 15,163 यात्री जहाज से उतरे ।

8. मजदूर स्थिति : विचाराधीन वर्ष में बिचवालों, बजरा कर्मियों और टोली मजदूरों ने कुछ समय के लिये काम बन्द कर दिया था । 9 नम्बर, 1963 को इन तीनों श्रेणियों के मजदूरों और उनके मालिकों के बीच समझौता हो गया और उस पर हस्ताक्षर कर दिये गये । वह समझौता प्रतिवेदित वर्ष के अंत तक ठीक कार्य करता रहा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संस्ताव की एक प्रति समस्त संबद्ध जनों को भेज दी जाये ।

यह भी आदेश दिया जाता कि सामान्य सूचना के लिये यह संस्ताव भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाये ।

नई दिल्ली, दिनांक 27 मई, 1965

संस्ताव

सं० 1-टी०(150)/64—जीवन क्षम परिवहन एकांशों के निर्माण की आवश्यकता सामान्यतया अभिज्ञात की जा चुकी है और इस प्रयोजन के लिये चालकों को अभिप्रेरणा भी दी गई है किन्तु सड़क-परिवहन उद्योग अधिकांशत: एक गाड़ी के स्वामियों के हाथ में रहता रहा है । चतुर्थ योजना काल में सड़क परिवहन पद्धति के विकास और वाणिज्यिक गाड़ियों के उत्पादन के हमारे कार्यक्रम के संदर्भ में इस उद्योग को ठीक मार्ग पर संगठन ने महत्व प्राप्त कर लिया है । यदि और अधिक देरी न कर कार्यकर उपाय नहीं किये जायेंगे तो मोटर वेहिकिल्स एक्ट 1939 की नियामक व्यवस्थाओं को लागू करना और जनता के लिए किफायती तथा निर्भर योग्य परिवहन सेवाओं का सुनिश्चयन करना उत्तरोत्तर कठिन हो जायेगा । यह एक ऐसा मामला है जिसमें नीति की एकरूपता और कार्य की संभूयकारिता की समस्त राज्यों में आवश्यकता है ।

2. इस संबंध में यह भी सुझाव दिया गया है कि सांविधिक मान्यता देने से या किसी तरह मौजूदा मोटर गाड़ी संगठनों, जो गैर-सरकारी मोटर मालिकों के हितों की सेवा करते हैं, की अपेक्षा अधिक विस्तृत प्रकार्य और दायित्व वाले परिवहन चालकों के संगठनों को सरकारी प्रश्रय देने से इस उद्योग में सुधार होगा ।

3. इस मामले पर जुलाई 1964 में हुई परिवहन विकास परिषद् की बैठक में सोच विचार किया गया । परिषद् ने सिफारिश की कि परिवहन के केन्द्रीय मंत्रालय को एक अध्ययन दल की स्थापना करनी चाहिये जो ऊपर पैरा 2 में उल्लिखित सुझावों के आशय का परीक्षण करे और जीवन क्षम परिवहन एकांशों के निर्माण की समस्त समस्याओं का विस्तृत परीक्षण करे ।

4. अतएव निम्न व्यक्तियों के एक अध्ययन दल की नियुक्ति का निर्णय किया गया है :—

1.	श्री एस० मलिक, परिवहन सचिव, पश्चिम बंगाल की सरकार ।	अध्यक्ष
2.	श्री वाई० एस० कसबेकर, परिवहन के निदेशक, महाराष्ट्र, बंबई ।	सदस्य
3.	श्री डी० पी० वरुण, उप परिवहन आयुक्त (प्रशासन), उत्तर प्रदेश ।	सदस्य
4.	श्री सी० सुन्दरामूर्ति, उप परिवहन आयुक्त, मद्रास ।	सदस्य
5.	श्री हुमायं यार खां, परिवहन आयुक्त, आन्ध्र प्रदेश ।	सदस्य
6.	श्री आर० बी० माथुर, प्रवर अनुसंधान अधिकारी, योजना आयोग ।	सदस्य
7.	श्री कुन्दन लाल, महा सचिव, अखिल भारतीय मोटर संघ कांग्रेस, नई दिल्ली ।	सदस्य
8.	श्री टी० एस० सन्थानम, 37, माउंट रोड, मद्रास-6 ।	सदस्य
9.	श्री मनोहर सिंह घोदी, सिंध परिवहन कम्पनी, रेई रोड, बंबई-10 ।	सदस्य
10.	श्री एस० एस० भटनागर, उप सचिव, परिवहन मंत्रालय ।	सदस्य-संयोजक

5. अध्ययन दल के निर्देश की शर्तें ये होंगी :—

(1) सार्वजनिक गाड़ियों, टैक्सियों और स्टेन गाड़ियों के लिये जीवन क्षम एकांश के आकार का सुझाव और उनके प्रोत्साहन के लिए आवश्यक व्यावहारिक पगों का उठाया जाना ।

(2) महत्वपूर्ण यातायात केन्द्रों में शाखाओं के जाल सहित प्रत्येक राज्य में एक या इससे अधिक संगठनों की स्थापना करने की औचित्यता पर विचार करना। इन का काम होगा (क) मरम्मत सुविधाओं और सेवा टूट जाने पर सहायता की व्यवस्था करना, (ख) परिवहन में ट्रक और बस ड्राइवरों के लिये विश्राम गृहों, सीमांत भवनों, और गोदामों का निर्माण करना, (ग) बुकिंग, जमा करने वाली, भेजने वाली और विस्तरित करने वाली एजेंसियों की स्थापना करना, (घ) ड्राइवरों और कन्डक्टरोंके लिये प्रशिक्षण संस्थानों की स्थापना करना, (ङ) कर देयता तय करना, और (च) सदस्यों के लिये इसी प्रकार की अन्य सेवायें करना ;

(3) ऊपर (2) में उल्लिखित संगठनों में राज्य परिवहन संस्थानों के कार्य का अध्ययन करना ;

(4) ऐसे संगठनों में निहित किये जाने वाले दायित्वों और विशेषाधिकारों का सुझाव देना ;

(5) उद्योग को ठीक तरह से संगठित करने के लिये अन्य आवश्यक उपायों की शिफारिश करना ।

6. अध्ययन दल का मुख्य कार्यालय नयी दिल्ली में होगा किन्तु इस काम के प्रयोजन के लिये वह जिस स्थान को उचित समझेगा वहां जा सकेगा ।

7. अध्ययन दल अपनी रिपोर्ट नौ महीने की अवधि में पेश कर देगा ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस संस्ताव की एक प्रति सब संबंधित व्यक्तियों को भेज दी जाये और सामान्य सूचना के लिये उसे भारत के राजपत्र में प्रकाशित कर दिया जाये ।

पत्तन

नई दिल्ली, दिनांक 28 अप्रैल, 1965

सं० 6-पी० जी० (53)/64—भारत सरकार को कोचीन पत्तन की 1963-64 की प्रशासनिक रिपोर्ट मिल गई है । रिपोर्ट की प्रमुख बातें नीचे दी जाती हैं :—

1. वित्तीय परिणाम

(क) पत्तन निधि:— इस वर्ष पत्तन की राजस्व प्राप्ति 167.38 लाख रुपया रही (इसमें कनहारी लेखा और विशेष प्राप्ति शामिल नहीं है) इसकी तुलना में 1962-63 में राजस्व प्राप्ति 136.04 लाख रुपया थी । आमदनी में वृद्धि का मुख्य कारण आयातों से प्राप्ति, क्रेन शुल्क और संयत्र भूमि और इमारतों के किरायों तथा ब्याज और विभिन्न में बृद्धि है ।

विचाराधीन वर्ष में व्यय (इसमें कनहारी लेखा, आरक्षित निधि का अंशदान और पूंजी लेखा का व्यय शामिल नहीं है) 125.14 लाख रुपया हुआ । 1962-63 में यह राशि 126.25 लाख रुपया थी ।

पूंजी लेखा को 25 लाख रुपये का अंशदान दिया गया । विभिन्न आरक्षित निधियों को निम्न अंशदान दिये गये :

	राशि (रुपये लाख में)
राजस्व आरक्षित निधि	1.00
दुर्घटना निधि	0.99
पुनर्नवन और पुन: पूंजीयन निधि	2.98

(ख) कनहारी लेखा : 1963-64 में कुल आमदनी और व्यय क्रमश: 7.19 लाख रुपये और 5.06 लाख रुपये रहा । इसके परिणामत: 2.13 लाख रुपये अधिशेष रहे ।

(ग) आरक्षित निधि : वर्ष के अन्त में विभिन्न निधियों के बारे में बचत की स्थिति सन्तोषजनक रही ।

(घ) ऋण : विचाराधीन वर्ष में ऋण प्रभार कुल 23.88 लाख रुपया था । इसके पिछले वर्ष यह राशि 19.24 लाख रुपया थी । वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर पत्तन का बाकी ऋण 340.49 लाख रुपया था । इसमें से 285.66 लाख रुपया भारत सरकार का देय था, और शेष केरल सरकार का ।

2. यातायात

(क) व्यापार : 1963-64 में पत्तन में आयात की कुल टन भार संख्या 20.34 लाख टन थी । इसके पिछले वर्ष यह संख्या 19.59 लाख टन थी । इस प्रकार 0.75 लाख टन या 3.82 प्रतिशत की वृद्धि रही । यह वृद्धि खनिज तेल, काजू, मशीन, नमक तथा अन्य सामान के अधिक आयात के कारण हुई ।

1963-64 में 4.22 लाख टन का निर्यात हुआ । पिछले वर्ष 4.03 लाख टन का निर्यात हुआ था । इस प्रकार निर्यात में 0.19 लाख टन की वृद्धि रही । यह वृद्धि नारियल की जटा के सामान, रबर, काली मिर्च कोपरा, झींगा और अन्य विभिन्न सामानों के निर्यात के कारण हुई ।

(ख) यात्री यातायात : वर्ष के दौरान जहाजों पर चढ़ने और उतरने वाले यात्रियों की कुल संख्या क्रमश: 1446 और 1892 रही । पिछले वर्ष यह संख्या 1690 और 1646 थी ।

(ग) नौचालन : 1963-64 में पत्तन में आने वाले जहाजों की संख्या 46.48 लाख कुल टन भार के 1356 जहाजों की थी । इसमें पालपोतों की संख्या शामिल नहीं है । पिछले वर्ष की ये संख्याएं क्रमश: 44.80 लाख टन और 1330 जहाज थी । इस वर्ष पत्तन में आने वाले पालपोतों की सं० 113 थी और उनका कुल टन भार लगभग 13,000 था । 1962-63 में 131 पाल-पोत आये थे और उनका कुल टन भार लगभग 16,000 था ।

इस वर्ष सब से लंबा जहाज जो पत्तन में आया वह 704 फुट ओ० ए० का आई० एन० एस० "विकान्त" था । 569 फुट ओ० ए० का तथा 13238 कुल टन भार का वाणिज्य पोत "बारडर चीफटेन" सबसे लंबा और बड़ा जहाज था । 31 फीट डुबाव का एस० एस० "कालटेक्स ग्लासगो" सबसे अधिक डुबाव वाला वाणिज्य पोत था जो इस वर्ष इस पत्तन में आया ।

3. श्रम और कल्याणकारी उपाय : इस वर्ष कर्मचारियों के बालकों को 66 छात्रवृत्तियां दी गईं । सदा की तरह पुस्तकालय और वाचनालयों, भीतरी और बाहरी खेलों, चिकित्सा सहायता आदि की सुविधायें दी जाती रहीं । ये सुविधायें बोझा ढोने वाले मजदूरों को भी दी गईं ।

मजदूर संघ और प्रशासन में पूर्ववत मैत्री पूर्ण सम्बन्ध रहे । चार घाट परियोजना की पूर्ति पर मजदूरों को छटाई की संपूर्ति के रूप में 1.28 लाख रुपये की राशि दी गई ।

4. पूंजीगत निर्माण कार्य : अप्रैल, 1955 में इरनाकुलम. जलमार्ग में सहायक सुविधाओं के साथ जो अतिरिक्त चार घाट बर्थों का निर्माण प्रारंभ किया गया था वह पूरा हो गया और अगस्त 1963 तक चारों घाटों पर काम शुरू हो गया । इरनाकुलम जलमार्ग में टैंकर बर्थ के तथा दूसरी कोयला बर्थ का निर्माण कार्य और कोचीन पोर्ट ट्रस्ट अस्पताल का विस्तार कार्य सम्पूर्ण होने को है । तैरते दफ्तरों की व्यवस्था का निर्माण कार्य होना बाकी है किन्तु वह भी पूरा होने वाला है ।

निर्कर्षण और उद्धरण, पारगमन छादनों का निर्माण, रेलवे साइडिंग का निर्माण, घाट क्षेत्र में सड़कों और नालियों का निर्माण, तेल रखने के लिये पाइप लाइनों के निर्माण कार्य ने ठोस प्रगति की

है । इरनाकुलम जलमार्ग में एक खुलाघाट बनाने से संबन्धित प्रारंभिक निर्माण कार्य भी प्रगति पर है ।

5. विविध :

29 फरवरी, 1964 से मेजर पोर्ट ट्रस्ट्स एक्ट 1963 के अधीन इस पत्तन के लिये एक पोर्ट ट्रस्ट बोर्ड की स्थापना की गई है । बोर्ड की पहली बैठक 24 मार्च, 1964 को हुई थी ।

आदेश

आदेश दिया जाता है कि इस प्रस्ताव की प्रतिलिपि समस्त संबद्ध जनों को भेज दी जाये और भारत के राजपत्र में भी प्रकाशित कर दी जाये ।

नरेन्द्र पाल माथुर, सह-सचिव

PRESIDENT'S SECRETARIAT

New Delhi, the 25th May 1965

No. 31-*Pres./65.—Corrigendum*—In this Secretariat Notification No. 13-Pres./65, dated the 26th January, 1965, published in Hindi and English, in Part I, Section 1 of the Gazette of India dated Saturday, the 30th January, 1965, in serial No. 1, against the name of Major Ram Singh (IC-6366), Signals—

On page 41

For "(लापता)"

Substitute "(लापता, अनुमानित मारा गया)"

On page 44

For "(Missing)".

Substitute "(Missing, presumed killed)".

V. J. MOORE, Dy. Secy.

New Delhi, the 26th May 1965

No. 32-*Pres/65.*—The President is pleased to award the President's Police and Fire Services Medal for gallantry to the undermentioned officer of the Punjab Police :—

Name of the officer and rank

Shri Sucha Singh,
Head Constable (*Officiating*),
3rd Battalion,
Punjab Armed Police,
Punjab. (*Deceased*)

Statement of services for which the decoration has been awarded.

On the night of the 15th/16th March, 1964, raiders from across the border shot dead 2 men, a woman and a child, and also two cattle in village Bhalwal Molu of Akhnoor Tehsil, District Jammu and carried away the heads severed by them from two of the dead persons. This sensational incident created wide-spread panic in the whole area. In order to check the infiltrators, a platoon of the 3rd Punjab Armed Police Battalion under the Command of Sub-Inspector Harbhajan Singh was detailed for setting up a series of ambushes.

On the night of the 16th March, 1964, Sub-Inspector Harbhajan Singh divided his force into three sections, each taking up a strategic ambush point. He himself took charge of the central and most strategic ambush point. At about mid-night some 40 armed raiders were noticed heading towards the village Bhalwal Molu. Finding the strength of the raiders four times the number of his own force Shri Harbhajan Singh, with rare presence of mind, immediately attacked the leading section of the raiders and by giving prearranged signals brought the flanking ambush parties into the attack. In the fierce encounter that ensued, Shri Harbhajan Singh, Head Constable Sucha Singh and others fought bravely against heavy odds. An attempt by the raiders to break through the rear was repulsed by the flanking ambush parties.

